एक नजर

रोशन लाल पांचवीं बार बने संत नामदेव रोहिल्ला क्षत्रिय महासभा के प्रधान



पानीपत/कौशिक : संत नामदेव रोहिल्ला क्षत्रिय महासभा पानीपत के पांचवें आम चुनाव में रोशन लाल रोहिल्ला लगातार पांचवीं बार प्रधान निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी रिटायर्ड एसडीओ धर्मपाल रोहिल्ला ने बताया कि 14 नवंबर को सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ था। जांच में सभी नामांकन सही पाए गए और निर्धारित समय तक किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में राजेंद्र सिंह रोहिल्ला और कुलदीप रोहिल्ला उपप्रधान, एडवोकेट कुलदीप सिंह महासचिव, कर्मवीर रोहिल्ला सचिव, जगदीश जौहरा कोषाध्यक्ष और हेमंत रोहिल्ला प्रेस सचिव चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में जयकिशन रोहिल्ला प्रधान सनौली ब्लॉक, जगदीश रोहिल्ला प्रधान इसराना ब्लॉक, डॉ.बिजेंद्र रोहिल्ला प्रधान समालखा ब्लॉक, रामेश्वर रोहिल्ला और सुरेंद्र रोहिल्ला शामिल हैं। विशेष प्रभार में दिनेश रोहिल्ला डिम्पी को समालखा और राजपाल रोहिल्ला को नूरवाला का प्रभारी बनाया गया। संगठन सचिव के रूप में सतीश वर्मा, परमार सिंह रोहिल्ला, महासिंह रोहिल्ला, धर्मपाल रोहिल्ला, अनिल रोहिल्ला और मदन कुमार रोहिल्ला शामिल हैं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से समाज की एकता और सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर काम करने की अपेक्षा जताई गई।

वैदिक परिवार का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह कल

पानीपत/कौशिक : वैदिक परिवार के तत्वावधान में 20, 21 एवं 22 नवंबर को तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ, संस्कारशाला एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन श्रद्धा, वैदिक संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना के साथ किया जाएगा। समारोह में अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान स्वामी सच्चिदानंद जी मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं यज्ञ ब्रह्मा के रूप में आचार्य संजीव वेदालंकार जी वैदिक विधि.विधान से यज्ञ संपन्न करवाएंगे। समारोह के प्रथम दिन 20 नवंबर को प्रातः 9.30 बजे राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल जीटी रोड में संस्कारशाला का आयोजन होगा। जिसमें हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा मुख्य अतिथि होंगे। इसी दिन प्रातः 11:30 बजे आर्य बाल भारती स्कूल में कार्यक्रम होगा। जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य करेंगे तथा मुख्य अतिथि मनदीप कुमार एसडीएम पानीपत होंगे। जबकि दूसरे दिन 21 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में संस्कारशाला में भाजपा हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता मुख्य अतिथि होंगी। इसी दिन 11:30 बजे आईसीएस कोचिंग सेंटर एवं एशियन इंस्टीट्यूट घरौंडा में अनुभव मेहता एसडीएम घरौंडा मुख्य अतिथि होंगे। वहीं समारोह के अंतिम दिन 22 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं वार्षिकोत्सव समारोह आनंद पार्क सेक्टर 12 पानीपत में आयोजित होगा। इसमें समाजसेवी गंगा राम मंगला मुख्य अतिथि होंगे। वैदिक परिवार के प्रधान डा.पवन बंसल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य वैदिक संस्कृति, यज्ञ परंपरा, संस्कार, आध्यात्मिक चेतना एवं भारतीय जीवन मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना है। डा.बंसल ने शहरवासियों से आह्वान किया है कि वे परिवार सहित कार्यक्रमों में शामिल हों।

आठ महीने तक बेटी की तलाश में भटका परिवार

पानीपत/कौशिक : पानीपत में किशोरी के कथित शोषण और उसे देह व्यापार में धकेलने के मामले में परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई है। परिवार के अनुसार किशोरी अक्टूबर 2025 से लापता थी। करीब आठ महीने तक तलाश के बाद उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली। अब किशोरी एक बच्ची को जन्म दे चुकी है। मां की शिकायत पर 11 अगस्त 2026 को थाना किला में नेहा उर्फ कविता, उसके पति राजन, मोहन लाल, शैंकी और डूडी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पिता का आरोप है कि कविता के फोन से बेटी के बारे में जानकारी मिली थी। परिवार ने आरोप लगाया कि किशोरी का अलग.अलग लोगों के माध्यम से शोषण किया गया। मामले में एक हलफनामा बनवाने का आरोप भी सामने आया है, जिसमें कविता पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। सामाजिक कार्यकर्ता सविता आर्या ने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद निष्पक्ष और समयबद्ध जांच, पीड़िता व नवजात की सुरक्षा और उपचार सुनिश्चित करने की मांग की। थाना किला प्रभारी नीरज ने बताया कि आरोपी का डीएनए सैंपल लिया गया है। रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

गीता रानी गाबा बनीं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष



पानीपत/कौशिक : गीता रानी गाबा को हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस में जिला अध्यक्ष पानीपत अर्बन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। गीता रानी गाबा ने विशेष रूप से भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पर्ल चौधरी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि पानीपत की महिलाओं की आवाज बनने और उनके अधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह पूरी ईमानदारी, मेहनत और निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी तथा महिलाओं की समस्याओं के समाधान और उनके सम्मान के लिए लगातार काम करेंगी। उन्होंने सभी से सहयोग और आशीर्वाद की अपील की।

समालखा में तीन स्थानों पर लगाई गई रैड लाइट, जाम से मिलेगी राहत



समालखा/कौशिक : शहर में जीटी रोड पर लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रयासों से तीन प्रमुख स्थानों पर रेड लाइट लगाई गई हैं। इनमें हथवाला रोड के सामने, पुराने बस स्टैंड और नई अनाज मंडी के गेट नंबर-दो के सामने रेड लाइट शामिल हैं। इन स्थानों पर अक्सर जाम लगने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती थी। ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने बताया कि रेड लाइट शुरू होने के बाद तीनों स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि लाल बत्ती पार करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जाएंगे।

आईबी पीजी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते 6 पदक



पानीपत/कौशिक : आईबी पीजी महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 पदक प्राप्त किए। यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में संपन्न हुई। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा 6 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किए। जिसमें 80 कि. भार में बीए तृतीय वर्ष के राहुल ने रजत पदक, 87 कि.भार तथा 87 हैवीवेट भार वर्ग में अंकित तथा जय किशन ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। वहीं लड़कियों की प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा सोनी ने रजत पदक, एमए प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका ने ब्रॉन्ज मेडल व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सरताज ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय के मान बढ़ाया है। विजेता खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा शारीरिक शिक्षा विभाग को बधाई दी।

70,000 रुपए की रिश्वत लेता एएसआई गिरफ्तार

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने एक शिकायतकर्ता से पुलिस केस में राहत दिलाने और उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार न होने देने के बदले 70,000 रुपए की रिश्वत ली। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी की पहचान रविंदर कुमार के रूप में हुई है, जो दिल्ली के भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन में एएसआई के पद पर तैनात है।

सीबीआई के एक प्रेस बयान के अनुसार, एजेंसी ने शिकायत मिलने के बाद उसी दिन आरोपी के खिलाफ रिश्वत लेने का मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एएसआई ने भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में राहत देने और शिकायतकर्ता तथा उसके परिवार के सदस्यों की गिरफ्तारी रोकने के बदले 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

शिकायत की जांच पड़ताल के दौरान सीबीआई ने पाया कि आरोपी एएसआई ने 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में वह जांच में मदद करने के बदले पहली किस्त के रूप में 1 लाख रुपए लेने के लिए सहमत हो गया। इस पुष्टि के बाद सीबीआई ने मंगलवार को आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी एएसआई को शिकायतकर्ता से तय की गई रिश्वत की रकम के हिस्से के रूप में 70,000 रुपए मांगते और लेते हुए पकड़ा गया।

सीबीआई ने उसे मौके पर ही दबोच लिया और जाल बिछाकर दी गई रकम बरामद कर ली। केंद्रीय एजेंसी अब इस मामले की आगे जांच कर रही है, ताकि रिश्वतखोरी से जुड़ी सभी परिस्थितियों का पता लगाया जा सके और यह देखा जा सके कि इसमें कोई और व्यक्ति भी शामिल था या नहीं। राष्ट्रीय राजधानी में किसी पुलिस अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का यह एक और मामला सामने आया है। जांच आगे बढ़ने के साथ ही इस मामले से जुड़ी और जानकारी सामने आएगी।

भाजपा इसराना मंडल ने बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने की बनाई योजना



इसराना/वेद वशिष्ठ : भाजपा इसराना मंडल की मासिक बैठक गांव टिटाना में मंडल अध्यक्ष जसबीर टिटाना के आवास पर जिला प्रभारी ललित बत्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में 'हर बूथ-मजबूत बूथ' अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर 10 कार्यकर्ताओं की कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। ये कमेटियां संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के साथ चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां संभालेंगी और पार्टी की नीतियों तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएंगी। बैठक में जिला महामंत्री सुमित जागलाण, जिला उपाध्यक्ष रोशनलाल माहला, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मपाल जागलान, जिला सचिव सतबीर पांचाल, मंडल अध्यक्ष जसबीर छौक्कर, सीएम विंडो के नॉमिनेट सदस्य सुनील परढ़ाना, मंडल महामंत्री आनंद मलिक, मंडल सचिव पवन कुमार बुआना लाखू आदि मौजूद थे।

एनसी मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय मेडिकल एजुकेशन कार्यशाला शुरू

इसराना/वेद वशिष्ठ : एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें कॉलेज के 30 शिक्षक चिकित्सा शिक्षा की आधुनिक शिक्षण एवं मूल्यांकन पद्धतियों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. बृज किशोर गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा की नई नीतियों, पाठ्यक्रमों और शिक्षण विधियों से शिक्षकों को अपडेट रखने के लिए ऐसी कार्यशालाएं जरूरी हैं। मेडिकल एजुकेशन यूनिट की सदस्य एवं समन्वयक डॉ. ईशा गुप्ता ने बताया कि कॉलेज में यह कार्यशाला चौथी बार आयोजित की जा रही है। इसका शैक्षणिक कार्यक्रम एनएमसी रीजनल सेंटर फॉर फैकल्टी डेवलपमेंट, पीजीआईएमएस रोहतक और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, नई दिल्ली द्वारा तैयार एवं अनुमोदित है। कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेगी। इसमें नौ विशेषज्ञ फैकल्टी सदस्य प्रशिक्षण देंगे।



आर्य कालेज का ताइक्वांडो में लगातार चौथे वर्ष दबदबा

5 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज पदक जीतकर रचा इतिहास



उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

पानीपत/कौशिक : आर्य पीजी कॉलेज ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज महिला एवं पुरुष ताइक्वांडो चैंपियनशिप में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कॉलेज के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 7 रजत और 3 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ कॉलेज ने लगातार चौथे वर्ष ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखा। पदक विजेता खिलाड़ियों में गोल्ड मेडल हासिल करने वालों में ऋषभ, मोहित, रोहिन, एंजल और मुस्कान शामिल रहे। वहीं सिल्वर मेडल जीतने वालों में अंकित, अमन, युवराज, मोलिक, समृद्धि, कनक और मन्नत ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा मुस्कान, दान्या और प्रीतम ने कांस्य पदक जीतकर कॉलेज की पदक तालिका में योगदान दिया। वहीं ताइक्वांडो के साथ-साथ स्विमिंग प्रतियोगिता में भी आर्य पीजी कॉलेज के खिलाड़ी कनिष्क ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने 200 मीटर बैकस्ट्रोक और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीतकर कॉलेज की खेल उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ दी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का हार्दिक स्वागत किया और उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खेल विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण एवं खेल विभाग की पूरी टीम को खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, उचित मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन के लिए विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर खेल विभाग से डॉ.राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, कोच सुनील पहल, प्राध्यापिका रजनी, कोच सुमित और कोच अनुप गुलिया सहित विभाग के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल ने बच्चों के साथ मनाया गोपाष्टमी पर्व

पानीपत/कौशिक : श्री सुधांशु जी महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा बाल संस्कार केंद्र.1 श्री सोमनाथ धाम आश्रम निम्बरी में गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। जिसमें बाल संस्कार शाला के लगभग 50 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सोमनाथ धाम आश्रम के पंडित अक्षय मिश्रा द्वारा विधिवत गौमाता की पूजा-अर्चना एवं आरती करवाकर किया गया। सभी बच्चों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने गौमाता को तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं परिक्रमा करके आशीर्वाद प्राप्त किया। बाल संस्कार केंद्र की संचालिका कांता छाबड़ा ने बच्चों को गोपाष्टमी पर्व के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता को पूजनीय स्थान प्राप्त है। गोपाष्टमी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण की गौसेवा और गौमाता के प्रति प्रेम एवं सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को गौसेवा, जीव दया, करुणा, सेवा और संस्कारों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।



भापरा स्टेडियम में महिला खेलकूद प्रतियोगिता, विजेताओं को बैंक खाते में मिलेगी पुरस्कार राशि



समालखा/कौशिक : महिला एवं बाल विकास विभाग समालखा की ओर से भापरा स्टेडियम में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सिमरन ने किया। विभागीय अधिकारी अंजू बाला और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। प्रतियोगिता में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। पहली बार विजेताओं को पुरस्कार राशि सीधे बैंक खातों में भेजी जाएगी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 2100,1100 और 750 रुपये निर्धारित किए गए। वहीं 400 मीटर दौड़ में महक प्रथम, शालू द्वितीय और निकिता तृतीय रहीं। साइकिल रेस में अंजलि, प्रिया और स्नेह ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में ममता, अंजू और सोनिया विजेता रहीं। जबकि 300 मीटर दौड़ में दिव्या प्रथम, सपना द्वितीय और संजना तृतीय रहीं। डिस्कस थ्रो में आरती, प्रिया और गायत्री ने क्रमशः स्थान हासिल किए।

घर के बाहर खेल रहे सवा दो साल के मासूम को बोलेरो ने कुचला, मौत

सोनीपत/नफेसिंह सैनी : जिले के गांव बढ़मलिक स्थित जगबीर कॉलोनी में दर्दनाक हादसे में घर के बाहर खेल रहे सवा दो साल के मासूम बच्चे की बोलेरो की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजन गंभीर रूप से घायल बच्चे को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर के गांव कनवाखेड़ा निवासी शुभम परिवार सहित जगबीर कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 17 नवंबर की शाम उनका बड़ा बेटा ओम (करीब सवा दो वर्ष) घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के चौखड़िया निवासी आलोक ने कथित तौर पर लापरवाही से बोलेरो को पीछे किया। गाड़ी की चपेट में आने से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया।

लेन-देन विवाद में पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य को एक साल की कठोर कैद

सोनीपत/नफेसिंह सैनी : गोहाना उपमंडल के गांव रिंढाणा में गली निर्माण और पैसों के लेन-देन के विवाद में हुए हमले के करीब आठ साल पुराने मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश यादव की अदालत ने पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य अजमेर उर्फ नन्हा को दोषी करार देते हुए एक साल की कठोर कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, ठोस साक्ष्यों के अभाव में चार सह-आरोपियों को बरी कर दिया गया। मामले के अनुसार, शिकायतकर्ता भीम सिंह ने 2 जनवरी 2018 को बरोदा थाना में शिकायत दी थी कि उनके घर के सामने गली का निर्माण कार्य चल रहा था। इसकी पैमाइश अजमेर ने की थी। पहले से चले आ रहे पैसों के लेन-देन के विवाद के चलते अजमेर और अन्य लोगों ने कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया। आरोप था कि अजमेर के हाथ में फरसा था। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई आजाद, सत्यवान, पत्नी सूरजमुखी और बेटी मनीषा को भी लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से चोटें पहुंचाई गईं।

ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत, आत्महत्या की आशंका



करनाल/डा. हरीश चावला : नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन के निकट बुधवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके करीब आठ वर्षीय बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों के शव दूर जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कुरुक्षेत्र रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच अधिकारी गुरदेव सिंह के अनुसार, महिला की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया है। आसपास के गांवों में भी सूचना दी गई है, ताकि परिजनों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला ने बेटे के साथ आत्महत्या की हो सकती है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हुई है।

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	सर्वेश माथुर/ चंद्रिका माथुर/ LBFDB00005426858	अपार्टमेंट नंबर टी9-201, दूसरी मंजिल, महिमा शुभ निलय में स्थित, राजस्व ग्राम चिमनपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान- 302020/16-11-2026	मई 31, 2024 रु. 26,13,640/-	जयपुर/ गुड़गाँव/ फरीदाबाद

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्ज़े की संपत्ति(यों) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 19, 2026, स्थान : गुड़गाँव और फरीदाबाद — भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	मेसर्स संदुजा बैटरी एंड इलेक्ट्रिकल्स/ नीरज कुमार/ माधुरी/ 389005001060	215.5 वर्ग गज (93.00 वर्ग गज + 122.5 वर्ग गज) क्षेत्रफल वाला प्लॉट, यानी 0 कनाल-7 मरला, जो खेवट/खाता नं 337/364, मुस्तातिल नं 187, किला नं 12(8-0), 19/1(3-16), 20/1/2/2(2-5) के अंतर्गत आता है। यह संपत्ति वार्ड नं 3 और 4, विश्वकर्मा कॉलोनी में स्थित है, सोहना, तहसील सोहना, जिला गुरुग्राम, हरियाणा- 122103 इसके मालिक माधुरी और नीरज कुमार हैं। कुल क्षेत्रफल 215.5 वर्ग गज है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम दिशाओं की सीमाएं सेल डीड के अनुसार हैं। सांकेतिक कब्ज़े की तिथि नवंबर 13, 2026	जून 11, 2026 रु. 1,23,01,850.04/-	गुरुग्राम, (हरियाणा)

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यों) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 19, 2026
स्थान : गुरुग्राम (हरियाणा)
भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 4/10, मायश्री टॉवर, बोम्मनहल्ली होसुर मैन रोड बैंगलोर-560068

निम्नलिखित ऋणदाता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(यों) के लिए मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है। ऋण(तें) को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति(ओं) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर एक नोटिस जारी किया गया था। हालाँकि, यह तामील नहीं हुआ है और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	ऋणदाता/सह ऋणदाता/ ग्रांटर का नाम/ (ऋण खाता नं.) एवं पता	इनफोसर्ड सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण	सूचना की तिथि पर जैसे भेजी/आउट स्टैंडिंग सूचना की तिथि	एनपीए तिथि
1.	मल्लिका जोसेफ एंड सुगुना मैरी / डी नंबर 2/4 ग्राउंड और पहली मंजिल प्लॉट नंबर 42 पी 43 पी 4, पूरी पहली मंजिल चौथी स्ट्रीट कट्टुपक्कम, जयलक्ष्मी नगर कट्टुपक्कम, 214 भाग 214/8 214/9 214/9ए1, चेन्नई चेन्नई-600056/एलबीसीएचई 00005440416	संपत्ति की अनुसूची अनुसूची 'ए' संपत्ति भूमि के सभी टुकड़े और पार्सल, प्लॉट नंबर 43 भाग, 42 भाग, और 48 भाग और 49 माप 3000 वर्ग फीट की सीमा, 4500 वर्ग फीट में से अविभाजित शेयर भूमि, भवन के साथ भूमि ग्राउंड फ्लोर 2850 वर्ग फीट और पहली और पहली मंजिल 2850 वर्ग फीट, आर.सी.सी छत, शौचालय दोनों कमरे, बिजली, सामान्य सेप्टिक टैंक, सामान्य सीढ़ी केस, सर्वेक्षण संख्या 214 भाग में शामिल, पट्टा संख्या 485, पट्टा सर्वेक्षण संख्या 214/9ए1 के अनुसार, कट्टुपक्कम गांव, पूनामल्ली तालुक, तिरुवल्लूर जिले में स्थित है। जैसे सीमा:- उत्तर द्वारा- प्लॉट संख्या 42 भाग और 43 भाग, दक्षिण द्वारा- 24 फीट रोड, पूर्व द्वारा- श्री सुब्रमण्यम राजू की भूमि, पश्चिम द्वारा- प्लॉट संख्या 43 भाग और 48 भाग, माप (प्लॉट संख्या 42 भाग और 43 भाग) उत्तर द्वारा- 60 फीट, दक्षिण द्वारा- 60 फीट फीट, पूर्व द्वारा- 25 फीट, पश्चिम द्वारा- 25 फीट, सभी माप विस्तार 1500 वर्ग फूट, संख्या 48 भाग और 49 पर माप) उत्तर द्वारा- 50 फीट, दक्ष